Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding relaxation in age-limit in UPSC examinations-laid.

श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल): मैं सरकार का ध्यान एक लोक महत्व के विषय पर लाना चाहता हूँ । विगत वर्षों में कोरोना महामारी के समय यूपीएससी की तैयारी कर रहे परीक्षार्थियों की पढ़ाई अत्यंत प्रभावित हुई है । लॉक डाउन के कारण अध्ययन सामग्री नहीं मिल पायी । रोजगार चले जाने के कारण वित्तीय स्थिति भी खराब रही । कई लोगों ने अपने परिजनों को भी खोया है जिसके कारण उनकी मानसिक स्थिति भावनात्मक रूप से प्रभावित रही है । कई विद्यार्थी परीक्षा के समय क्वारंटीन हो गए जिसके कारण परीक्षा नहीं दे पाये और कई फ्रंटलाइन वर्कर राहत कार्यों में लगे रहे जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हुई है ।

मेरा सरकार से आग्रह है कि ऐसे परीक्षार्थियों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आयु सीमा में 2 वर्ष की राहत देते हुए जो अपना अंतिम अवसर खो चुके हैं उनको परीक्षा में बैठने का एक मौका दिया जाए ।